Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for construction of bridges on rivers to connect Khagraria District Headquarter with Saharsa - Laid.

श्रीमती रेणु कुमारी (खगड़िया): महोदय, विदित हो कि बिहार के खगड़िया जिला मुख्यालय को सीधे तौर पर सहरसा से जोड़ने के लिए मात्र 12 कि0मी0 रोड़ क्रमशः तीन पुलों की आवश्यकता है। सोनमनखी घाट (बागमती) नदी पर एक पुल डगराही तथा खजुरदेवा कोशी कॉलोनी के बीच एक पुल एवं सुअर कोल तथा ग्राम झीमा के पास कमला धार पर एक पुल एवं छोटी छोटी 5-6 पुलिया की आवश्यकता है। उक्त पथ के निर्माण होने से जहां अभी सहरसा - खगड़िया की दूरी लगभग 90 कि0मी0 नजर आती है, वहीं सड़क तथा पुल निर्माण होने के पश्चात मात्र 35-36 कि0मी0 ही पड़ेगी।

यहां के करीब 15 लाख से अधिक जनता को कोशी, कमला एवं बागमती नदी के नागपाश से मुक्त कराने में सक्रिय पहल कराने की कृपा की जाये, ताकि इस क्षेत्र की जनता को पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति मिल सके।

आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस आवश्यक कार्य हेतु बिहार राज्य सरकार को आवश्यक धन दिया जाये।